ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 22-07-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-07-22 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-07-23	2022-07-24	2022-07-25	2022-07-26	2022-07-27
वर्षा (मिमी)	5.0	2.0	10.0	8.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	32.0	33.0	33.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	26.0	26.0	25.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	80	75	80	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	55	50	55	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	14.0	14.0	12.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	90	90	90	110	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	8	4	6	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (15 - 21 जुलाई, 2022) में 40.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा तथा बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 28.0 से 36.6 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 25.9 से 28.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 62 से 92 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 50 से 81 प्रतिशत एवं हवा 3.4 से 7.6 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 31.0 से 34.0 व 25.0 से 26.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 27 जुलाई से 2 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा, न्यूनतम तथा अधिकतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों (16 जून से 13 जुलाई के दौरान) से जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है | किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	फसल की रोपाई इस माह में समाप्त कर लें। धान की रोपाई हेतु पंक्ति से पंक्ति की दूरी 20 सेमी0 तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी0 रखें तथा एक स्थान पर 2-3 पौधे लगाने चाहिए, रोपाई 2-3 सेमी0 गहराई से ज्यादा नहीं करनी चाहिए। रोपाई से 10 दिन के अन्दर मरे पौधों की जगह फिर से रोपाई करें।
तिल	तिल की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
काला चना	उर्द की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मूँग	मूंग की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गन्ना	गन्ने की फसल में जलभराव वाले खेतों में जल निकास की व्यवस्था बनायें रखे। फसल बढ़वार अच्छी होने पर 5 फीट की ऊंचाई पर बंधाई कर लें। गन्ने की फसल में मिली बग्स का प्रकोप होने पर, मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल का 1500 मि.ली./हेक्टेयर की दर से 500-1000 लीटर पानी/हेक्टेयर में फसल छत्र के अनुसार छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर की फसल मे पत्तियो पर धब्बे पड़ने एवं झुलसने पर मैनकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गोभी	फूलगोभी की अगेती फसल में जल निकास की व्यवस्था करें तथा निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल दें। पौधशाला में गोभी की पौध तैयार हो गई हो तो उनकी रोपाई कतार से कतार 45 सेमी व पौधे से पौधे की दूरी 45 सेमी में करें।
मिर्च	इस माह में मिर्च की रोपाई मेंड़ों में ड़ोंपर करें, मेड़ों पर इसकी दूरी कतार से कतार 50 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 50 सेमी रखें एवं जल निकास की उचित व्यवस्था करें, क्योंकिक्यों खेत में 24 घण्टे में पानी रहने से फसल सूख जाती है। मिर्च की फसल में सफेद मक्खी द्वारा फैलायें गये वायरस रोग के नियंत्रण हेतु पायरिप्राक्सीफेन 5 तथा फेनप्रोपेथ्रिन 15 ईसी मिक्सचर का 750 मिली प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें। अगले छिड़काव मे दूसरी दवा का प्रयोग करें।
आम	आम के फले हुए पेड़ो मे 50 ग्राम नाइट्रोजन प्रतिवर्ष प्रति पेड़ आयु के अनुसार दें। इस प्रकार अधिकतम 500 ग्राम नाइट्रोजन दस वर्ष या इसके पश्चात् अर्थात् 1.1 किग्रा यूरिया प्रति पेड़ के हिसाब से फल तोड़ने के पश्चात् देना आवश्यक होगा।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	जुलाई महीना गाय/भैंसों भैं सोंकी ब्याने का समय होता है अतः प्रसव प्रकोष्ठ को साफ-सुथरा करके इस्तेमाल हेतु तैयार रखें। प्रसव के तुरन्त बाद नवजात बच्चे की साफ-सफाई कर उसकी नाभी को धागे से बांधकर किसी साफ चाकू या ब्लेड से काटकर उस पर जैन्सन वायलेट पेन्ट अथवा टिंचर आयोडीन लगाना चाहिए। पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/ गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।